1	2	3	4
Punjab.	1 151	0 079	1 230
Rajasthan	18 001	1 933	19 934
Sikkim	0 131	0.150	0.281
Tanil Nadu	3 392	1 009	4 401
Tripura	0.108	0 865	0.973
Uttar Pradesh	6 635	1 426	8.061
West Bengal	2 177	0.359	2 534
UTs	0,889	2.715	3 604
TOTAL	93.685	35.889	129.57

Landless Farmers in Gujarat

3227. SHRI RAIUBHAI A. PARMAR: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the estimated number of landless fermers in Gujarat:

(b) whether Government have formulated any scheme to provide land to these farmers:

(c) if so, the details the reof; and

(d) by when the land is likely to be provided to them?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF RURAL DEVELOPMENT) (SHRI RAMESHWAR THAKUR): (a) According to the provisional population figures of the 1991 Census, there were 30,47,324 agricultural labourers in rural areas of Gujarat.

(b) to (d) There is already a scheme of distribution of ceiling surplus land to the landless rural poor under which priority is given in the distribution to the landless agricultural labourers particularly those belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes. According to information received upto 1 1.94, an area of 1,33,061 acres has been distributed to 29814 beneficiaries. The State has been advised to complete the distribution of all available ceiling surplus land expeditiously.

परती भूमि के विकास हेतु सहायता

3228. **श्री शिव प्रसाद जनपुरिया:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में सूखे की समस्या से निपटने के लिये परती भूमि के विकास हेतु 1993-94 के वर्ष के लिये पांच करोड़ रुपये की धनराशि की सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के संबंधित चौदह जिलों के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय को स्वीकृति हेतु योजनायें भेजी हैं;

(ग) इन चौदह जिलों में से कितने जिलों की योजनायें स्वीकृत की गई हैं और प्रत्येक के लिये कितनी-कितनी धनराशि मजूर की गई है तथा प्रत्येक योजना के लिये जिला-वार कितनी-कितनी धनराशि पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी है ; और

(घ) शेष जिलों की योजनाओं को स्वीकृति न दिये जाने के क्या कारण हैं ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (बंजर भूमि विभाग) में राज्य मंत्री (श्री कर्नल राम सिंह) (क) : प्रधान मंत्री ने मध्य प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान दिनांक 17-4-93 को बंजर भूमि के विकास के लिये 5 करोड़ रुपये की सूखा राहत की घोषणा की थी जिसके लिये मध्य प्रदेश सरकार द्वारा परियोजनायें प्रस्तुत की जानी थीं ।

(ख) प्रधान मंत्री की घोषणा की अनुक्रिया में बंजर भूमि विकास विभाग ने राज्य सरकार से परियोजनायें प्राप्त करने के लिये कारवाई शुरू की, जिसके फलस्वरूप समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना की केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम के अन्तर्गत कुल 17 परियोजनायें और सहायता अनुदान के अन्तर्गत 16 परियोजनायें प्राप्त हुई थीं । वित्तीय बाधाओं के कारण, अधिक संख्या में प्राप्त परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देना संभव नहीं था । अतः राज्य सरकार से अनुरोध किया गया कि वे परियोजनओं की पूर्वता निर्धारित करें । राज्य सरकार ने धार, भोपाल, सरगुजा, मामला, झबुआ, शिवपुरी और छिदवाड़ा सात जिलों की प्राथमिकता के अनुसार सूची बनाई है ।

(ग) भोपाल, छिंदवाडा, टीकमगढ़, मांडला, सरगुजा, झबुआ और धार जिलों की कुल सात परियोजनाओं के लिये समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना के अन्तर्गत 16.73 करोड़ रुपये का परिव्यय पहले ही स्वीकृत किया जा चुकाहै । इसी प्रकार अनुदान सहायता योजना के अन्तर्गत 0.58 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय से 4 परियोजनायें स्वीकृत की गई है । समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना स्कीम पर अनुदान सहायता योजना के अन्तर्गत अब तक स्वीकृत धनराशि और रिलीज की गई धनराशि का परियोजना-वार ब्यौरा क्रमशः विवरण I और II में दिया गया है (नीचे देखिये) ।

(घ) प्रधान मंत्री द्वारा की गई घोषणा के फलस्वरूप राज्य सरकार के लिये रखी गई 5.0 करोड़ रूपये की धनराशि में से 3.96 करोड़ रूपये की धनराशि समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना स्कीम के अन्तर्गत और 0.17 करोड़ की धनराशि अनुदान सहायता योजना के अन्तर्गत अवयुक्त की गई है । समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना स्कीम के अन्तर्गत उज्जैन जिले के लिये तक अन्य परयोजना हेतु लगभग 0.80 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त किये जाने के लिये दिनांक 31-3-94 से पहले स्वीकृत मिल जाने की संभावना है । इस प्रकार मध्य प्रदेश राज्य को कुल 4.95 करोड़ रुपए की राशि अवमुक्त की जायेगी ।

विवरण I

(रुपए लाखों में)

क्रमांक	परियोजना का नाम	परियोजना अवधि	कुल परियोजना लागत	1993-94 अब तक अवमुक्त की गई धनराशि
1.	भोपाल जिले में समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना	1993-94 से 1996-97	65.84	22.10
2.	छिंदवाड़ा जिले में समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना	1993-94 से 1997-98	301.69	31.08
3.	टीकमगढ़ जिले में समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना	1993-94 से	128.68	34.31

क्रमांक	परियोजना का नाम	परियोजना अवधि	कुल परियोजना लागत	1993-94 अब तक अवमुक्त की गई धनराशि
4.	झाबुआ जिले में समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना	1993-94 से 1997-98	350.28	113.00
5.	सरगुजा जिले में समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना	1993-94 से 1997-98	322 14	87 00
6.	झाबुआ जिले में समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना (परियोजना II)	1993-94 से 1997-98	319.44	75.00
7.	धार जिले में समेकित बंजर भूमि विकास परियोजना	1993-94 से 1997-98	184.91	35.77
		कुल :	1672.98	398.26

विवरण 2

(रुपए लाखों में)

क्रमांक	परियोजना का नाम	परियोजना अवधि	कुल परियोजना लागत	1993-94 अब तक रिलीज की गई धनराशि
1.	नेशनल सेन्टर फार ह्यूमेन सेटलमैंट एण्ड एनवायरमैंटल, बेतुल	1993-94 से 1994-95	3.70	1.00
2.	नेशनल सेन्टर फार ह्यूमन सेटलमैंट एण्ड एनवायरमैंटल, झबुआ	1993-94 से 1995-96	46.77	14.20
3.	नेशनल सेन्टर सेफार ह्यूमन सेटलमैंट एण्ड एनवायरमेंटल, बरखेड़ा पठानी (भोपाल)	19943-94 से 1994-95	0.73	0.39
4.	नेशनल सेन्टर फार ह्यूमन सेटलमैंट एण्ड एनवायरमेंटल, बेतुल	1993-94 से 1995-96	6.63	1.34
		कुल :	57.88	16.93